सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 23 फरवरी, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में केंद्रीय संचार ब्यूरो, देहरादून की सहायक निदेशक डॉ. संतोष आशीष व अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को विभाग की विभिन्न क्रिया–कलापों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, देहरादून द्वारा जनवरी माह में किये गए कार्यक्रम बीटिंग रिट्रीट की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम हुआ है जिसमें आईएमए, आईटीबीपी, पुलिस और स्काउट्स के बैंड ने अपने प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया था।

राज्यपाल ने कहा कि विजय चौक, दिल्ली में होने वाले बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी से प्रेरणा लेकर अगले वर्ष और अधिक भव्य बनाने के प्रयास करें। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों, स्कूली और कॉलेज के छात्र–छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने का भी प्रयास करें। उन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी विभागीय अधिकारियों की सराहना की।

............0............